समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# इंग्लैंड-भारत टेस्ट सीरीज का नाम अब एंडरसन-तेदुंलकर ट्रॉफी, जानिए क्यों लिया गया यह फैसला।

Publisher Published on 06 Jun 2025



## अब भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज को एंडरसन-तेदुंलकर ट्रॉफी के नाम से जाना जाएगा। ECB और BCCI ने किया बड़ा ऐलान।

**लंदन, 6 जून 2025: भारत और इंग्लैंड के बीच प्रतिष्ठित टेस्ट सीरीज का नाम अब एंडरसन-तेदुंलकर ट्रॉफी** होगा।
**इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB)** और **भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI)** ने मिलकर यह फैसला लिया है।
अब यह ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज दो दिग्गज खिलाड़ियों — **जेम्स एंडरसन** और **सचिन तेदुंलकर** के नाम से खेली जाएगी।

**डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान होगा ट्रॉफी का लॉन्च**
रिपोर्ट के अनुसार, ट्रॉफी का आधिकारिक **लॉन्च 11 जून 2025 को लॉर्ड्स** में होगा।
**सचिन तेदुंलकर** और **जेम्स एंडरसन** खुद इस ट्रॉफी का अनावरण करेंगे।

यह पहल उस समय हो रही है जब **भारत-इंग्लैंड** के बीच पांच टेस्ट मैचों की **सीरीज 20 जून से हेडिंग्ले (लीड्स)** में शुरू होने जा रही है।
यह श्रृंखला नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) का पहला चरण भी होगी।

**टेस्ट क्रिकेट के दो महान खिलाड़ी**
१. **जेम्स एंडरसन ने 188 टेस्ट मे 704 विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट के सबसे सफल तेज गेदंबाज का तमगा हासिल किया**।

२. **उन्होंने 32 बार एक पारी मे 5 विकेट चटकाए। एंडरसन ने जुलाई 2024 मे टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था।**

३. **सचिन तेदुंलकर को टेस्ट क्रिकेट के सबसे महान बल्लेबाजों मे गिना जाता है।**

४. **उन्होंने 200 टेस्ट मे 15,921 रन बनाए, जिसमे 51 शतक और 68 अर्धशतक शामिल रहे।**

५. **उनका करियर 1989 से 2013 तक चला।**

अब तक किन ट्रॉफियों के लिए खेलते थे **भारत-इंग्लैंड ?**

१. **अब तक भारत और इंग्लैंड के बीच मेजबान देश के आधार पर अलग-अलग ट्रॉफियों के लिए खेला जाता था।**

२. **इंग्लैंड मे पंटौदी ट्रॉफी दी जाती थी, जिसका नाम मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर था।**

३. **भारत मे एंथनी डी मेलो ट्रॉफी के लिए मुकाबला होता था।**

अब इन दोनों ट्रॉफियों को मिलाकर एक ही नाम **एंडरसन-तेदुंलकर** ट्रॉफी रखा गया है।

**टेस्ट क्रिकेट मे बंढ़ रहा नाम बदलने का चलन**

१. हाल के वर्षों में कई टेस्ट सीरीज को खिलाड़ियों के नाम पर समर्पित किया जा रहा है।

२. उदाहरण के तौर पर:

**भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी**

**इंग्लैडं-न्यूजीलैडं** के बीच **क्रो-थोरपे ट्रॉफी** (मार्टिन क्रो और ग्राहम थोर्पे के नाम पर)

इस पहल का उद्देश्य टेस्ट क्रिकेट के ऐतिहासिक महत्व को और बढ़ाना है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.